चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 08.11.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना सरधुवा द्वारा पटौनी में,थाना मानिकपुर द्वारा कस्बा मानिकपुर में,थाना बहिलपुरवा द्वारा सेमरदहा में,थाना राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में,थाना कोतवाली कर्वी द्वारा कस्बा कर्वी में,थाना मऊ द्वारा कस्बा मऊ में) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनाँक 08.11.2026 को दीपावली अमावस्या मेला पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में बीडीडीएस टीम एवं एलआईयू टीम चित्रकूट द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत रामघाट, सीतापुर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान प्रमुख घाटों, मंदिर परिसरों, परिक्रमा मार्ग, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की डॉग स्क्वायड की सहायता से सघन तलाशी ली जा रही है। एएस चेक टीम द्वारा विस्फोटक सामग्री एवं संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग की जा रही है तथा एलआईयू टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।
जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस द्वारा निरन्तर चेकिंग एवं सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

(3). दीपावली अमावस्या मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के दृष्टिगत चित्रकूट पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में सतत निगरानी की जा रही है।
इसी क्रम में रामघाट,धनुष चौराहा एवं सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी कर भीड़भाड़ एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन के जरिए मेला क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों, श्रद्धालुओं की भीड़ एवं आवागमन पर नजर रखी गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।
चित्रकूट पुलिस द्वारा मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है, ताकि दीपावली अमावस्या मेला को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

(4). दीपावली सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज 08.11.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकांत राय की उपस्थिति में मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थलों रामघाट, निर्मोही अखाड़ा एवं खोया-पाया केन्द्र का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा रामघाट एवं निर्मोही अखाड़ा क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, आवागमन व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया। उन्होंने मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।
इसके अतिरिक्त खोया-पाया केन्द्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई तथा मेले में परिजनों से बिछड़ने वाले श्रद्धालुओं एवं बच्चों को शीघ्र उनके परिजनों से मिलाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा मेला ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहें। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार करते हुए उनकी सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।
चित्रकूट पुलिस द्वारा दीपावली सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में निरंतर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए सतर्कतापूर्वक ड्यूटी की जा रही है।
निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली ,क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अभयराज ,चौकी प्रभारी सीतापुर श्री यदुवीर सिंह एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

(5). जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने दीपावली अमावस्या मेला-2026 के दृष्टिगत रामघाट, निर्मोही अखाड़ा, खोया-पाया केंद्र सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि—
- श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए।
- पेयजल, विद्युत, प्रकाश, साफ-सफाई एवं चिकित्सा सुविधाएं निरंतर दुरुस्त रहें।
- खोया-पाया केंद्र पर बिछड़े बच्चों एवं श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए।
- पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा श्रद्धालुओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें।
श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

(6). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्री निशिकान्त राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री जंग बहादुर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा 04 जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया।
थाना पहाड़ी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.देशराज यादव पुत्र सुखराज निवासी रौली कल्याणपुर थाना भरतकूप 2.रामकिशोर वर्मा पुत्र बदलू वर्मा 3. हितानी रैदास पुत्र मिरखा 4.पप्पू मौर्या पुत्र भूखन प्रसाद निवासीगण पचोखर थाना पहाडी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 1200/- रूपये व 52 अदद तास पत्ता, जामा तलाशी से 1430/- रुपये बरामद किए गए। अभियुक्तो के विरुद्ध थाना पहाड़ी में 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-</u>

1.उ0नि0 श्री जंग बहादुर सिंह
2.मु0आरक्षी ज्ञानस्वरुप मिश्रा
3.आरक्षी विकास यादव
4.आरक्षी शिवम सिंह

(7). आज दिनाँक 08.11.2026 को दीपावली अमावस्या मेला पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी के नेतृत्व में बीडीडीएस टीम एवं एलआईयू टीम चित्रकूट द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत रामघाट, सीतापुर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के दौरान प्रमुख घाटों, मंदिर परिसरों, परिक्रमा मार्ग, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, होटलों, धर्मशालाओं एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की डॉग स्क्वायड की सहायता से सघन तलाशी ली जा रही है। एएस चेक टीम द्वारा विस्फोटक सामग्री एवं संदिग्ध वस्तुओं की चेकिंग की जा रही है तथा एलआईयू टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है।
जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस द्वारा निरन्तर चेकिंग एवं सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।

(8). दीपावली-2026 के पावन अवसर पर जनपद चित्रकूट में जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अशोक जाटव, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री महेंद्र कोटार्य, डीआरआई संगठन सचिव श्री अभय महाजन, पूर्व विधायक श्री आनंद शुक्ला, डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा श्री पंकज अग्रवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री नरेंद्र गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र श्री आनंद सिंह पटेल, कामदगिरि प्रथम मुखारबिन्द श्री मदन गोपाल महाराज, जिला महामंत्री डॉ अश्विनी अवस्थी, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की
उपस्थिति में माँ मंदाकिनी नदी के पावन तट रामघाट पर भव्य रामायण थीम आधारित ड्रोन शो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आकाश में सैकड़ों ड्रोन के माध्यम से भगवान श्रीराम एवं रामायण के विभिन्न दिव्य एवं प्रेरणादायी प्रसंगों की मनोहारी आकृतियाँ प्रदर्शित की गईं। आकाश में साकार होती इन आकर्षक आकृतियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ड्रोन शो के माध्यम से रामायण की गौरवशाली संस्कृति, मर्यादा एवं भगवान श्रीराम के आदर्शों की अद्भुत झलक देखने को मिली।
दीपावली के पावन पर्व पर जनपद चित्रकूट को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर की गई भव्य सजावट से पूरा जनपद आकर्षक छटा बिखेर रहा है। रामघाट पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने दीपोत्सव की दिव्यता एवं भव्यता को और अधिक बढ़ा दिया।
इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने अपने परिवार सहित माँ मंदाकिनी के पावन तट रामघाट पर दीपदान किया तथा दीपावली के पावन पर्व पर सुख, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

(9). आज दिनांक 08.11.2026 को दीपावली अमावस्या मेला को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपनी पत्नी के साथ भगवान श्री कामतानाथ जी की परिक्रमा कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।
इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, आवागमन व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया गया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि

श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा श्रद्धालुओं से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम भी जानी गई।